खाली हाथ तू आया रे बन्दे खाली हाथ ही जाएगा

खाली हाथ तू आया रे बन्दे खाली हाथ ही जाएगा,
साई नाम का सिमरन करले भव सागर तर जाएगा,
खाली हाथ तू आया रे बन्दे खाली हाथ ही जाएगा

सबका मालिक एक है साई साई से क्या छुपायेगा,
झूठी शान दौलत को छोड़ो,
मुक्ति का दर खुल जायेगा,
साई नाम का सिमरन करले भव सागर तर जाएगा,

निर्बल के तुम बनाओ सहारा साई खुश हो जाएगा,
रोम रोम में साई बसा ले भगति का फल मिल जायेगा,
साई नाम का सिमरन करले भव सागर तर जाएगा,

मरने से क्या डरना प्राणी जो आया वो जायेगा,
सदा नाम साई का रहा है साई ही रह जायेगा,
साई नाम का सिमरन करले भव सागर तर जाएगा,

Source:
https://www.bharattemples.com/khaali-hath-tu-aaya-re-bande-khaali-hath-hi-jayega-sai-naam-ka-simran-karle-bhav-sagar-tar-jayega/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw